तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

10 रायपुर में आयोजित वार्षिक आमसभा में कोंडागांव ...



11 प्रशिक्षण जवानों के शारीरिक, मानसिक ...





## खबर संक्षेप

### मजदूर शक्ति संघ के जिलाध्यक्ष बने सोमनल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ मजदूर शक्ति संघ बस्तर जिला के नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़वाल एवं संभागीय अध्यक्ष सुनील रत्नाकर के नेतृत्व में किया गया। जिनका कार्यक्षेत्र संपूर्ण बस्तर होगा। जिसमें सोमनल बघेल जिला अध्यक्ष, अविनाश बाघ जिला मंत्री, लखीराम नाग जिला मंत्री, पीला राम नाग जिला उपाध्यक्ष, असलम अंसारी जिला उपाध्यक्ष बनाए गए। उनका काम बस्तर के श्रमिकों को संगठित करना, उनके जीवन यापन की स्थिति सुधारना, कठिनाइयों का निवारण करना, उनके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक जीवन में सुधार लाना है। इस संदर्भ में कलेक्टर तथा एसपी सहित श्रम विभाग को जानकारी दी गई है।

### विशाल रोजगार मेला लगाया जाएगा 15 को

जगदलपुर। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक बेहतरीन अवसर सामने आया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर के तत्वावधान में 15 जुलाई को एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला सुबह 10 .30 बजे से शाम 4 बजे तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में आयोजित होगा, जहां निजी क्षेत्र की पांच प्रमुख कंपनियां लगभग 250 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेंगी।

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की सूची हुई जारी

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत धरमपुरा (208 यूनिट) एवं हाटकचोरा (58 यूनिट) में निर्मित आवासीय परिसर में आवास आवंटन हेतु किराए में निवासरत परिवारों से आवेदन मंगाए गए थे। कुल 716 आवेदनों में से 208 पात्र एवं 508 आवेदन अपात्र पाए गए हैं। सूची नगरपालिक निगम कार्यालय एवं सभी पाषदों को दिया गया है। 24 जुलाई तक लोग दावा आपत्ति कर सकते हैं।

### पामभोई को दरभा और राठौर को बड़ाजी का प्रभार

**जगदलपुर।** नक्सल इलाकों में रहे थानेदारों की मैदानी इलाके में स्थानांतरण आदेश के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने पुलिस लाइन से तीन थानेदारों व पखनार चौकी प्रभारी का स्थानांतरण कर की पदस्थापना सूची जारी की है।



जारी सूची के मुताबिक पखनार चौकी प्रभारी राजेश राठौर को पखनार से थाना प्रभारी बड़ाजीं तथा पुलिस लाईन से निरीक्षे सुरेन्द्र पामभोई को थाना प्रभारी दरभा, विजय पटेल को थाना कोड़ेनार व संजय उरसा को थाना प्रभारी मारडूम पदस्थ किया गया है।

### शराब कोचिए चीता स्क्वार्ड की पकड़ से बाहर

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव शंकर राव ने प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस प्रशासन का चीता स्क्वार्ड गली मोहल्ले में घटित अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं ढाबा संचालकों को प्रताड़ति करने से ज्यादा कुछ नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि जिस चीता स्क्वार्ड का गठन शहर में बिकने वाली अवैध शराब, सूखे नशे के व्यापार और हिंसा तथा चोरी पर नकेल कसने के लिए किया गया था वो उन कार्यों को छोड़ बाकी सारे कार्य करते नजर आ रहे हैं । शहर में खासकर ढाबों के आस-पास मदिरा प्रेमियों के मदिरापान पर नकेल कसने की बजाय ढाबा संचालकों को ही बड़ी वजह बताकर प्रताड़ति करते हैं।



# मलेरियामुक्त अभियान के बीच आवासीय कन्या छात्रावास की छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

दंतेवाड़ा जिले में इन दिनों मलेरिया मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन इसी बीच कटेकल्याण विकासखंड के बड़े बेड़मा के आवासीय कन्या छात्रावास की 8 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध रूप से मलेरिया से मौत हो गई। कक्षा तीसरी की छात्रा समीरा मरकाम पोटाली गांव की निवासी थी। जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद समीरा का दाखिला बड़े बेड़मा कन्या आश्रम में कराया गया था। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले छात्रा की रैपिड किट से जांच की गई थी, जिसमें वह मलेरिया पॉजिटिव पाई गई। आरोप है कि रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बावजूद उसके उपचार और निगरानी में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती गई। रविवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और आश्रम में ही उसकी मौत हो गई।

वहीं बड़े बेड़मा कन्या आश्रम की वार्डन पुष्पा नाग ने बताया कि छात्रा का इलाज चल रहा था। दवाइयां दी जा रही थीं, लेकिन रविवार रात अचानक उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, जिसके बाद यह दुखद घटना हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त राजीव कुमार नाग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिला पंचायत सदस्य ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

### मलेरिया की नियमित हो रही जांच

इधर जिला मलेरिया अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. देशदीपक ने कहा कि जिले के सभी आश्रमों में नियमित रूप से मलेरिया की जांच की जा रही है। यदि छात्रा वास्तव में मलेरिया पॉजिटिव थी। उसे निर्धारित दवा की पूरी खुराक दी जा रही थी तो केवल मलेरिया से मृत्यु होना सामान्य स्थिति में संभव नहीं माना जाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।





### समय पर नहीं मिला बच्ची को उपचार, कार्रवाई हो : परिजन

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शोरी आश्रम पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद आरोप लगाया कि यदि छात्रा को समय पर उचित इलाज और आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

## उप मुख्यमंत्री ने नक्सल प्रकरणों की वापसी को लेकर बस्तर के युवाओं से की मुलाकात

# नक्सल मामलों में निरुद्ध लोगों के प्रकरणों के निराकरण के लिए शासन प्रतिबद्ध : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज बस्तर से रायपुर आए जनप्रतिनिधियों, नक्सल प्रकरणों में निरुद्ध लोगों के परिजनों, नक्सल पीड़ितों तथा युवाओं से विधानसभा में मुलाकात कर नक्सल प्रकरणों के निराकरण और प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नक्सल मामलों में जेल में निरुद्ध लोगों के प्रकरणों की शीघ्र और न्यायसंगत समीक्षा और सभी की जल्द रिहाई के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है तथा प्रत्येक पात्र मामले में विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- जनहानि रहित मामलों की होगी साप्ताहिक समीक्षा

गृहमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि 10 जुलाई को मंत्रालय में गृह विभाग के प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर संभाग के सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में नक्सल प्रकरणों के निराकरण की कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है। बैठक में सभी लंबित प्रकरणों को दो श्रेणियों में विभाजित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एक जिनमें जनहानि हुई हैं तथा दूसरे वे प्रकरण जिनमें जनहानि नहीं हुई है।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन मामलों में जनहानि नहीं हुई है, उनकी समीक्षा संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक प्रत्येक सप्ताह अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं की टीम के साथ करेंगे। ताकि ऐसे मामलों का शीघ्र निराकरण कर पात्र लोगों को राहत मिल सके। इसके लिए अभियोजन ▶▶| शेष पेज 10 पर



### दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम

*श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बस्तर में शांति, विकास और विश्वास का वातावरण मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बस्तर के युवाओं से विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। किसानों से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से बचते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आग्रह किया तथा कहा कि बस्तर के जैविक उत्पादों को एनपीओपी के तहत प्रमाणित कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की दिशा में सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, नीलकंठ टेकाम, विक्रम उसेंडी, कवासी लखमा, विक्रम मंडावी सहित बस्तर क्षेत्र के अनेक युवा उपस्थित थे।*

### बदले माहौल में शांति की गूंज

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवादी हिंसा ने बस्तर सहित अनेक क्षेत्रों को वर्षों तक प्रभावित किया। एक समय ऐसा था जब इन क्षेत्रों में सामान्य आवाजाही भी कठिन थी, लेकिन आज स्थिति तेजी से बदल रही है। हाल ही में अत्यंत नक्सल प्रभावित रहे किसकोड़ो गांव के दौरे के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वे अब पहली बार वास्तविक आजादी का अनुभव कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि कबीरधाम क्षेत्र में भी माओवादी गतिविधियों का प्रभाव रहा है और स्वयं उस दौर को निकट से देखा है। इस दौरान युवाओं ने अपनी व्यथाओं को भी उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिसपर उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया।

### परिजन दे सकते हैं आवेदन

विजय शर्मा ने कहा कि यदि किसी अभियुक्त के परिजन अपने प्रकरण की समीक्षा कराना चाहते हैं तो वे संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक को आवेदन दे सकते हैं। ऐसे आवेदनों का अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं की टीम द्वारा विधिसम्मत परीक्षण किया जाएगा।

# मद्देड़ में सड़क हादसा दो गंभीर रूप से घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

बीजापुर-भोपालपटनम राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मद्देड़ में आज सुबह करीब 11 बजे तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस भीषण दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई गई है। मद्देड़ बस्ती के समीप आश्रम शाला और जियो टावर के सामने हुए हादसे में स्कॉर्पियो सीजी 20 जे 3166 बीजापुर से भोपालपटनम की ओर जा रही थी। वहीं भोपालपटनम से बीजापुर की ओर आ रही बाइक टीएस 25 जी 4937 से ▶▶| शेष पेज 10 पर

- स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर

### मडगार्ड और सामने का नंबर प्लेट टूटकर उखड़ गया

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो के पीछे की तरफ कोई नंबर प्लेट नहीं लग था बल्कि नंबर की जगह ऊपर कांच में बड़े अक्षरों में किंग लिखा हुआ है। व्यस्त नेशनल हाईवे और बस्ती के बीच तेज रफ्तार से वाहन दौड़ना घोर लापरवाही है। मददेड़ स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बाइक सवार को बीजापुर रेफर किया गया हैं ।

### घायल जिला अस्पताल रिफर

हादसे के तुरंत बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। दोनों घायल बाइक सवारों को लहूलुहान हालत में स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत मददेड़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बीजापुर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# करोड़ों रामभक्तों की आस्था के साथ हुआ खिलवाड़ : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में राम जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में हुई कथित चढ़ावा चोरी व गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार की भ्रष्टाचार और मौन संरक्षण के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेसजनों ने मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन पूजन पश्चात मंदिर प्रांगण से रैली की शक्ल में गोलबाजार चौक पंहुचकर विरोध प्रदर्शन किया। श्री मौर्य ने कहा श्री राम मंदिर पूरे देश और दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। देशवासियों ने पाई-पाई जोड़कर मंदिर निर्माण और प्रभु श्री राम के चरणों में चढ़ावा अर्पित किया। लेकिन आज जिस तरह से ट्रस्ट के पदाधिकारियों और जिम्मेदार लोगों द्वारा चढ़ावे की चोरी और वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं उसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। धर्म और राम के नाम पर राजनीति ▶▶| शेष पेज 10 पर

- अयोध्या राम मंदिर में चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



# लाइब्रेरी खुलने पर पढ़ने को नहीं मिल रहा पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर के पंच पथ स्थित भैरमगंज वार्ड की पुरानी लाइब्रेरी में लोग अखबार पढ़ने के लिए सुबह पहुंचते हैं। सुबह उन्हें पेपर पढ़ने को नहीं मिलता। नगर पालिका निगम द्वारा संचालित इस लाइब्रेरी में वार्ड के लोगों को न्यूज पेपर के साथ साथ प्रदेश और नेशनल की प्रसिद्ध पुस्तकें भी पढ़ने को मिलती रहीं हैं। दूसरे वार्ड के लोग भी यहां अखबार पढ़ने सुबह- सुबह पहुंच जाते हैं। पंच पथ का यह स्थल दो वार्ड के बीच स्थित है। जहां भैरमगंज के अलावा सुभाष वार्ड, शिव मंदिर वार्ड तथा विजय वार्ड इस तरह 4 वार्ड के लोगों का आना कई सालों से होता रहा है। लेकिन आज यहां अखबार का भी टोटा है। इस संबंध में बताया गया कि न्यूज पेपर एजेंसियों को विगत कई महीनों से अखबार के बिल का भुगतान नगर पालिका निगम द्वारा नहीं किया गया है। इसलिए अब सभी न्यूज पेपर एजेंसियों ने ▶▶| शेष पेज 10 पर



तत्काल पाठ्य पुस्तकों की सप्लाई की उठाई मांग

# एक माह बाद भी विद्यार्थियों को नहीं मिली सभी पाठ्यपुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

शिक्षा सत्र 2026-27 प्रारंभ हुए लगभग एक माह पूरा होने को है। लेकिन अब तक विकासखंड के अधिकांश शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। समय पर किताबें नहीं मिलने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पालकों के साथ-साथ शिक्षकों में भी चिंता देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपालपटनम विकासखंड के किसी भी संकुल में सभी विषयों की पुस्तकें पूर्ण रूप से नहीं पहुंची हैं। कहीं गणित की पुस्तकें नहीं हैं तो कहीं विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी अथवा अंग्रेजी की किताबों का अभाव बना हुआ है। ऐसे में विद्यार्थियों को या तो पुरानी पुस्तकों, फोटोकॉपी या फिर शिक्षकों के नोट्स के सहारे पढ़ाई करनी पड़ रही है। शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं, लेकिन पाठ्यपुस्तकों के अभाव में पढ़ाई की गति प्रभावित हो रही है। सबसे अधिक परेशानी नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को हो रही है जिन्हें सभी विषयों की किताबें नहीं मिल पाने से पाठ्यक्रम समझने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पालकों का कहना है कि शासन प्रत्येक वर्ष समय पर शिक्षा सत्र प्रारंभ करता ▶▶| शेष पेज 10 पर

- पढ़ाई प्रभावित पालकों में चिंता



### 10 प्रतिशत बंटना बाकी

जितनी किताब आयी थी, उतनी बांट दिया गया है। नब्बे प्रतिशत किताबें बट चुकीं हैं, सिर्फ दस प्रतिशत देना बाकी है।

- डी. वेंकटेश्वर, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, भोपालपटनम

## प्यासा है ग्राम सालेपाल का तुमपानी पटेलपारा : कश्यप

# आदिवासी परिवार झरिया का पानी पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम सालेपाल के तुमपानी पटेलपारा में पेयजल संकट को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला ग्रामीण अध्यक्ष जगदु राम कश्यप ने रविवार को गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा शाला के बच्चों से चर्चा कर समस्याओं को करीब से जाना। निरीक्षण के दौरान सामने आई स्थिति को गंभीर बताते कहा कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी आदिवासी समाज को पीने के पानी के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर दूर झरिया का सहारा लेना पड़ रहा है। यह सरकार हर घर जल अभियान के दावों की वास्तविक तस्वीर है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी टंकी का निर्माण तो किया गया, लेकिन वर्षों से वह बंद पड़ी है और केवल शोपीस बनकर रह गई है। जलापूर्ति व्यवस्था ठप है, जिससे लोगों को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ रही है। जगदु राम ने कहा कि सरकार एक ओर अमृतकाल, जल जीवन मिशन और हर घर जल जैसी योजनाओं का प्रचार कर रही है। वहीं दूसरी ओर बस्तर के आदिवासी गांवों में लोग आज भी पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, तो यह विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर छलावा है।



### बच्चों को दूर से लाना पड़ रहा पानी

श्री कश्यप ने कहा कि आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा है। कई बार बच्चों को भी दूर झरिया से पानी लाना पड़ता है या असुरक्षित जल स्रोतों का उपयोग करना पड़ता है। इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराना सरकार और प्रशासन की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। कश्यप ने आरोप लगाया कि आदिवासी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है।

# शहर की गलियों में घूम घूमकर गांजा की सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर की गलियों में घूम घूमकर गांजा की सप्लाई करने वाला आरोपी आखिरकार पुलिस के चंगुल में फंस गया। आरोपी के कब्जे से 55 हजार रुपए कीमत की 1 किलो 2 सौ ग्राम गांजा की पुड़यि बरामद किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

- 55 हजार का एक किलो 2 सौ ग्राम गांजा बरामद

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में नशे तथा अपराधिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शहर में गांजा की सप्लाई करने की सूचना पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी की कुम्हारपारा स्थित फिरंता देवी बाजार के पास एक युवक गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम द्वारा एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 2 सौ ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 55 हजार रुपए आंका गया है। पूछताछ में ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

कोण्डागांव। अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा और चंदा चोरी के मामले के विरोध में जिला मुख्यालय कोंडागांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री घोष ने किया। रैली के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कथित घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने तथा सख्त सजा देने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ रैली में भाग लेकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग का समर्थन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराते हुए मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

### सेवा सेतु से आसानी से बना जाति प्रमाण पत्र

**कोण्डागांव।** शासन की डिजिटल पहल सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं को सरल, पारदर्शी और सुलभ बना रहा है। केशकाल विकासखंड के ग्राम खेतरपाल निवासी जगदीश मंडावी ने इस सुविधा का लाभ



उठाकर अपने पुत्र का जाति प्रमाण पत्र आसानी से प्राप्त किया। जगदीश मंडावी ने बताया कि उनके पुत्र डिकेश्वर मंडावी को शैक्षणिक प्रवेश, छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय कार्योर् के लिए अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र आवश्यक था। पहले इस प्रक्रिया में काफी समय और भागदौड़ करनी पड़ती थी। सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने 22 जून 2026 को नजदीकी सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया। निर्धारित समय–सीमा में जाति प्रमाण पत्र जारी होने से शैक्षणिक प्रवेश एवं अन्य योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हुई। ऑनलाइन प्रक्रिया के कारण परिवार का समय और धन दोनों बचा तथा अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। जगदीश मंडावी ने सेवा सेतु पोर्टल की सराहना करते हुए अन्य नागरिकों से भी इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की और शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भर्ती की पात्र–अपात्र सूची जारी

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इकाई के अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए दावा–आपत्तियों के निराकरण के बाद पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया एनएचएम, आरबीएसके, एसएनसीयू, एनबीएसयू, यूएचडब्ल्यूसी, बीपीएचयू एवं चाइल्ड हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत रिक्त संविदा पदों के लिए संचालित की जा रही है। विभाग द्वारा पूर्व में जारी पात्र–अपात्र सूची पर 11 मार्च से 16 मार्च तक दावा–आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण एवं निराकरण कर संशोधित सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी दावा–आपत्ति निराकरण सूची एवं अंतिम पात्र–अपात्र सूची का अवलोकन जिले की आधिकारिक वेबसाइट तथा कलेक्टर कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर कर सकते हैं।

## निधन

### मधुमति मरकाम

**फरसगांव।** विकासखंड के शासकीय विद्यालय ग्राम बैलगांव में



पदस्थ शिक्षिका श्रीमती मधुमति मरकाम का सोमवार को अपरान्ह 3 बजे लंबी बीमारी के दौरान नगर वे बड़ेराजपुर में पदस्थ कृषि विकास अधिकारी रूपसिंह मरकाम की धर्मपत्नी थीं। परिजन के अनुसार उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम विश्रामपुरी आमाडीही में किया जाएगा।

# रायपुर में आयोजित वार्षिक आमसभा में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस संघ रायपुर के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक आमसभा में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ को राज्य स्तरीय द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता के सफल एवं अनुकरणीय संचालन ने पूरे प्रदेश में जिले की अलग पहचान बनाई। सम्मान समारोह में विशेष रूप से प्रतियोगिता स्थल की उत्कृष्ट व्यवस्था, खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क एवं सुव्यवस्थित भोजन, तकनीकी टीम के ठहरने की बेहतर व्यवस्था तथा पूरे आयोजन के दौरान संघ के पदाधिकारियों के समर्पण, सजगता और सामूहिक टीमवर्क की सराहना की गई। राज्य संघ ने इसे प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ आयोजनों में से एक बताया। वार्षिक आमसभा में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से अध्यक्ष आर.के. जैन एवं सचिव अश्वनी कुमार थावरे ने भाग लिया। उन्होंने सम्मान प्राप्त करते हुए इसे जिले के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह जुनेजा एवं प्रदेश संघ के अन्य पदाधिकारियों तथा विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर कोंडागांव के आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई।

## राज्य स्तरीय सम्मान से बढ़ा कोंडागांव का गौरव




**खेल प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन :** संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह सम्मान कोंडागांव के खिलाड़ियों और खेल आयोजकों के लिए नई प्रेरणा है। भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के साथ जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### संघ के पदाधिकारियों ने जताई खुशी

सम्मान मिलने पर जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में उत्साह का माहौल रहा। मोहन कोटड़िया, डॉ. राजाराम त्रिपाठी, मोहम्मद यासीन खान, सुरेश संचेती, संतोष पात्र, रूपेश संचेती, डॉ. कृष्ण कुमार मरकाम, डॉ. दीपक सेठिया, प्रमोद सोनी, संजीव जैन, जगन्नाथ नेताम, विनोद साहू, विजेंद्र साहू, रतनदीप, दीपक कुमार पारख, डॉ. शिल्पा देवांगन, ज्योति जैन, दीपक गोलछा, संतोष कोड़ोगी, राकेश ठाकुर, चंदन सेठिया, अभिषेक तिवारी, निलेश कुलदीप, हर्ष लाहोटी, शिवकुमार, शेखर दास, बंशी दास, अंशु तिवारी, परवीन नाग, रोहित दास, कावयांश पारख, मौलिक पवार सहित अन्य सदस्यों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

## विधानसभा क्षेत्र के कोंडागांव जिले में शासकीय बीएड, डीएड कॉलेज मांगा

# मानसून सत्र के पहले दिन शिक्षा के मुद्दों पर मुखर रहीं विधायक उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने बस्तर अंचल की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जिले में शासकीय बी.एड. एवं डी.एड. कॉलेज की स्थापना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग करते हुए सरकार का ध्यान क्षेत्र की आवश्यकताओं की ओर आकर्षित किया। सदन में चर्चा के दौरान विधायक लता उसेंडी ने कहा कि कोंडागांव सहित पूरे बस्तर संभाग के हजारों विद्यार्थियों को शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आज भी रायपुर, बिलासपुर और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर शासकीय बी.एड. एवं डी.एड. महाविद्यालय नहीं होने से विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। साथ ही आवास, परिवहन और अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि कोंडागांव में शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय स्थापित किया जाता है तो स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा और क्षेत्र में प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

■ एनईपी –2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की उठाई मांग

### क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की पहल

मानसून सत्र के पहले ही दिन शिक्षा से जुड़े इन महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठाए जाने को बस्तर अंचल के विद्यार्थियों और युवाओं के हित में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर बी.एड.–डी.एड. कॉलेज की स्थापना और नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में लागू हो नई शिक्षा नीति

विधायक उसेंडी ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रस्तावित इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम को शीघ्र प्रारंभ किया जाना चाहिए, ताकि शिक्षक प्रशिक्षण राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके। लता उसेंडी ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना, विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाना तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करना है। बस्तर जैसे आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्र में इसका प्रभावी क्रियान्वयन शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार किया जाए तथा विश्वविद्यालय स्तर पर नई शिक्षा नीति को पूरी तरह लागू कर बस्तर के विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

# बिजली लाइन पर काम करने के दौरान करंट से झुलसा कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



विकासखंड के ग्राम बड़ेडोंगर में सोमवार सुबह करीब 11 बजे बिजली विभाग के एक निजी कर्मचारी के साथ बड़ा हादसा हो गया। एलटी लाइन पर मरम्मत कार्य के दौरान अचानक करंट प्रवाहित होने से 25 वर्षीय हितेश प्रधान पिता प्रेम सिंग गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया गया। हालांकि, 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने के कारण घायल को करीब दो घंटे तक अस्पताल में इंतजार करना पड़ा।

■ बड़ेडोंगर में एलटी लाइन जोड़ते समय हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मांदागांव निवासी हितेश प्रधान अपने सहकर्मी विष्णु मरकाम के साथ बड़ेडोंगर में एलटी लाइन का तार जोड़ने का कार्य कर रहा था। हितेश खंभे पर चढ़कर लाइन जोड़ रहा था, जबकि विष्णु नीचे मौजूद था। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया और हितेश उसकी चपेट में आकर नीचे गिर पड़ा। हादसे में उसके सिर, चेहरे और सीने का अगला हिस्सा बुरी तरह झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शी विष्णु मरकाम ने बताया कि जब हितेश खंभे पर चढ़ा था, तब लाइन में बिजली नहीं थी। कार्य के दौरान अचानक करंट प्रवाहित हो गया, जिससे यह हादसा हुआ।

### कारण पता लगाने जांच शुरू

अस्पताल से रायपुर रेफर किए जाने के बाद बिजली विभाग की ओर से 108 एंबुलेंस की व्यवस्था की गई, लेकिन वाहन समय पर नहीं पहुंचा। अंततः करीब दो घंटे बाद दोपहर करीब 1 बजे फरसगांव अस्पताल की छोटी एंबुलेंस से घायल को बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजा गया। घटना ने बिजली लाइन पर कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय मछुआरा दिवस पर मत्स्य कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



राष्ट्रीय मछुआरा दिवस के अवसर पर शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, कोपाबेड़ा में जिला एवं विकासखंड स्तरीय मत्स्य कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मछुआ सहकारी समितियों के सदस्य एवं प्रगतिशील मत्स्य कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी में मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म एनएफडीपी पंजीयन, मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा, जलीय कृषि बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी तथा विभाग की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने वैज्ञानिक एवं आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों को अपनाने तथा शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेकर मत्स्य व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाने के लिए मत्स्य कृषकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कराया गया, जिससे उन्हें आधुनिक मत्स्य उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी मिली। सहकारिता विभाग एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने भी अपनी–अपनी योजनाओं की जानकारी देते हुए मत्स्य कृषकों को उपलब्ध सुविधाओं और लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया। संगोष्ठी में मत्स्य पालन को आत्मनिर्भर आजीविका का सशक्त माध्यम बनाने पर विशेष बल दिया गया।

■ मत्स्य पालकों को योजनाओं, बीमा और डिजिटल पंजीयन की दी गई जानकारी



# बाल संरक्षण तंत्र को मिला मानसिक स्वास्थ्य सहयोग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला प्रशासन ने यूनिसेफ इंडिया एवं सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ लॉ एंड पॉलिसी के सहयोग से बाल संरक्षण तंत्र से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहयोग विषय पर क्षमता–विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य सेवा प्रदाताओं की क्षमता विकसित करना है, ताकि वे बच्चों एवं किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर आवश्यक मनोसामाजिक सहयोग उपलब्ध करा सकें। यह प्रशिक्षण चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अब तक तीन चरण पूरे हो चुके हैं। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के बीच साप्ताहिक ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष मेंटरिंग और सुपरविजन सत्रें के माध्यम से निरंतर मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बाल कल्याण समिति के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन के काउंसलर, चाइल्ड केयर संस्थानों के कर्मचारी तथा जिला बाल संरक्षण तंत्र से जुड़े कार्मिक शामिल हुए। विशेषज्ञों ने रोल–प्ले, अनुभवात्मक गतिविधियों और सहभागितापूर्ण शिक्षण के माध्यम से बच्चों के साथ प्रभावी संवाद और मनोसामाजिक सहयोग की व्यावहारिक जानकारी दी।

### बाल संरक्षण सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर

*कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण बाल संरक्षण सेवाओं को अधिक संवेदनशील और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।*

# विद्यार्थियों को दी गई सामाजिक और कानूनी जागरूकता संबंधी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, कोंडागांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जनसंख्या, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानूनी अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने विद्यार्थियों को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, शिक्षा और सतत विकास के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार, मोटरयान अधिनियम, बाल विवाह निषेध, महिला एवं बाल अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता तथा नागरिकों के संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। साथ ही कानून का पालन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया।

### पॉक्सो अधिनियम और गुड टच–बैड टच पर विशेष सत्र

न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, गुड टच–बैड टच की पहचान तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में बिना भय के माता–पिता, शिक्षक या पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। साइबर माध्यमों से होने वाले लैंगिक अपराधों से सतर्क रहने की भी सलाह दी गई।

### न्यायिक अधिकारियों और शिक्षकों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय, प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### मलेरिया मुक्त अभियान ....

बाद छात्रा का शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसे अंतिम संस्कार के लिए उसके गृहग्राम पोटाली ले जाया गया। मलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान हुई इस घटना ने आश्रमों में स्वास्थ्य व्यवस्था, निगरानी में गंभीरता, समय पर उपचार और बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विभागीय जांच पर टिकी हैं जिससे छात्रा की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### नक्सल मामलों में ....

अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं की टीम बनाई गई है। वहीं जिन मामलों में जनहानि हुई है और न्यायालय में प्रकरण लंबित हैं, उनमें चालान प्रस्तुत करने, गवाही की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा न्यायालयीन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिन प्रकरणों में गंभीर धाराएं लगी हैं उनमें न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया जाएगा।

### मद्देड़ में सड़क....

सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पुर्जे अलग होकर हाईवे पर बिखर गए। वहीं स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा भी काफी क्षतिग्रस्त हुआ है।

### करोड़ों रामभक्तों की ...

करने वाली सरकार इस घोटाले पर चुप्पी साधे है। तमाम हिंदू संगठन ऐसे मौन है जैसे कुछ हुआ नहीं हो। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में समयबद्ध जांच कराने जिसमें पूर्व महासचिव चंपत राय सहित भ्रष्टाचार में शामिल सभी छोटे-बड़े दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। चढ़ावे और दान की पाई-पाई का हिसाब सार्वजनिक किया जाए ताकि भविष्य में आस्था के साथ कोई खिलवाड़ न हो सके।

ये रहे मौजूद : इस संयुक्त विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, पूर्व विधायक रेखचंद जैन,रामशंकर राव, दिनेश यद्दु, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, गौरनाथ नाग,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, चम्पा ठाकुर, कोमल सेना, रविशंकर तिवारी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परिहार, महामंत्री अभिषेक नायडू, सुभाष गुलाटी, विजय सिंह,अमरनाथ सिंह,जाहिद हुसैन,प्रशांत जैन, अल्ताफ उल्ला खान,विजय सिंह,सुषमा सुता,नीतीश शर्मा, लाखेश,ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव,संतोष सेठिया,सूयापाणि, विशाल खंबारी,किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप, विक्रम सिंह डांगी, संजय पाणिग्रही सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे ।

### लाइब्रेरी खुलने पर ...

पेपर डालना बंद कर दिया है। लोगों ने बताया लाइब्रेरी रोज खुलती तो है पर न्यूजपेपर नहीं होते हैं टेबल पर। इस कारण पहले की तरह लोग भी नहीं आते, संचालक की लाइब्रेरी खोलकर बैठना मजबूरी है।

### एक माह बाद भी...

है, लेकिन यदि विद्यार्थियों तक समय पर पुस्तकें ही नहीं पहुंचेंगी तो उनकी पढ़ाई का नुकसान कौन पूरा करेगा। उनका कहना है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए तथा यह स्पष्ट करना चाहिए कि पुस्तक निगम से अब तक सभी किताबों की आपूर्ति क्यों नहीं हो पाई है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि पुस्तक निगम एवं शिक्षा विभाग तत्काल सभी संकुलों और विद्यालयों में शेष पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति करें।

### शहर की गलियों में ....

उसने अपना नाम विक्की परोशा 32 वर्ष निवासी फिरंता बाजार कुम्हारपारा का रहने वाला बताया। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह शहर में घूम घूमकर गांजा की सप्लाई किया करता था। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विशेष न्यायालय एनडीपीएस में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

इनका रहा महत्वपूर्ण योगदानः कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई छबील टांडेकर अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक बलराम कश्यप, सोमलु कश्यप, तोमन बघेल, बंसी मौर्य, हरीश व केशव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### जिले में 292.8 मिमी. वर्षा दर्ज



**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 292.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 401.2 मिमी. औसत वर्षा भैरमगढ़ में दर्ज की गई है। इसी तहर कुटरू में 385.7 मिमी. वर्षा, बीजापुर में 346.0 मिमी. वर्षा, गंगालुर में 263.0 मिमी. वर्षा, भोपालपटनम में 248.4 मिमी. वर्षा एवं उसूर में 112.7 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

### पीड़ितों के परिजनों को 16 लाख की सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप ने प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के परिजनों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतिका मनीषा गुरला के निकटतम वारिस उनके पति संपत गुरला को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतिका मल्ली कलमू के निकटतम वारिस उनके पुत्र पिड़गा कलमू, तालाब में डुबने से मृत्यु के दो प्रकरणों मे से मृतक विष्णु कतलाम के निकटतम वारिस उनकी माता मिटकी कतलाम एवं मृतक अडला चन्दैया के निकटतम वारिस उनके पुत्र संजय अड़ला सहित प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये कुल 16 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। राशि का भुगतान संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# ग्रीन सुकमाः मोबाइल ट्री एटीएम से बंट रहे मुफ्त पौधे, लोगों में उत्साह

## 300 हितग्राहियों को बांटे गए 400 फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा






जिले को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण को एक नया आयाम देने के लिए जिला प्रशासन और वनमंडल सुकमा ने एक बेहद अनोखी और सराहनीय पहल की है। जिले में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष 'मोबाइल ट्री एटीएम' की शुरुआत की गई है।

एटीएम की तर्ज पर डिजाइन किया गया यह अनोखा वाहन अब सीधे सुकमा नगर और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में पहुंच रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य हर घर तक बिना किसी शुल्क के पौधे पहुंचाना और लोगों को प्रकृति से जोड़ना है। सोमवार को जब यह 'ट्री एटीएम' वाहन शहर के पावारास और कुम्हाररास सहित विभिन्न रिहायशी इलाकों में पहुंचा, तो स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखा गया। इस चलते-फिरते एटीएम से लोगों को कटहल, अमरूद, जामुन, आम और मुनगा (सहजन) जैसे बेहतरीन फलदार पौधे पूरी तरह निःशुल्क वितरित किए गए। पहले ही दिन लगभग 300 से अधिक जागरूक नागरिकों ने इस अभियान में हिस्सा लेकर अपने पसंदीदा पौधे प्राप्त किए और इस हरित अभियान के सारथी बने। कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि यह मुहिम सिर्फ पौधे बांटने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक को पर्यावरण के प्रति जवाबदेह भी बना रही है। इस अभियान का मूल संदेश यही है कि पौधा लगाना सिर्फ एक शुरुआत है।

उसे एक विशाल और सुरक्षित वृक्ष के रूप में विकसित होने तक सींचना और उसकी देखभाल करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दूरदर्शी पहल को लेकर डीएफओ अक्षय भोंसले ने जिले के समस्त नागरिकों से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि एक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-सुरक्षित सुकमा का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक इस अभियान से दिल से जुड़ेगा। प्रशासन की इस अनोखी कोशिश की हर तरफ सराहना हो रही है, और यह 'मोबाइल ट्री एटीएम' अब सुकमा को हरी-भरी पहचान देने में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## 219वीं बटालियन में द्वितीय बैच का हुआ पीआई प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण जवानों के शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए अतिमहत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोन्टा




219वीं बटालियन मुख्यालय सीआरपीएफ इंजराम में तीन सप्ताह का पीआई प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया।

- टीम भावना, नेतृत्व क्षमता व आपसी समन्वय पर दिया जायेगा बल

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त जवानों को बल की कार्य-प्रणाली, अनुशासन, आंतरिक सुरक्षा कर्तव्यों एवं क्षेत्रीय चुनौतियों के लिए पूर्णतः तैयार करना है। कार्यक्रम का आयोजन राजेश पांडे, डीआईजी पी. कोंटा रेंज, सीआरपीएफ एवं पार्थ सारथी घोष, कमाण्डेन्ट 219 बटा. की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण जवानों के शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा उन्हें कठिन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु सक्षम बनाना है।

इस बैच में रेंज कोंटा के विभिन्न बटा. से कुल 255 कार्मिक पीआई प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को आईईडी की पहचान एवं रोकथाम, हथियार संचालन, मानचित्र अध्ययन सहित जंगल क्षेत्रों में सामरिक मूवमेंट, विभिन्न केस स्टडी, एफओबी की स्थापना तथा एसओजेड से संबंधित परिचयात्मक जानकारी जैसे महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं सामरिक कौशलों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जायेगा एवं इस प्रभावी प्रशिक्षण अवधि में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आपसी समन्वय पर विशेष बल दिया जायेगा। इस दौरान उन्होनें राजपत्रित अधिकारीयों के लिए नव निर्मित जिम-हॉल व इंडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का भी उद्घाटन किया। पार्थ सारथी घोष कमाण्डेन्ट 219 बटा. द्वारा अवगत काराया गया कि, उक्त काम्प्लेक्स का निर्माण वाहिनी के अधिकारियों के स्वास्थ्यवर्धक वातावरण तथा इंडोर गेमिंग के लिए किया गया है।

जिसके माध्यम से एक आरामदेह एवं शांत वातावरण उपलब्ध कराने का उद्देश्य है, जिससे उनकी कार्य क्षमता एवं मनोबल में वृद्धि हो सके। इस समारोह में प्रेमजीत कुमार कमान्डेंट 50 वीं बटा., विजय शंकर कमान्डेंट 217 वीं बटा., दीपक कुमार साहू कमान्डेंट 131 वीं बटा. एवं 219 बटा. के सभी वरीष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ जिला पंचायत सीईओ ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच के अधिकारी एम. भार्गव ने आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा का पदभार विधिवत ग्रहण किया। इससे पूर्व वे दुर्ग जिले में सहायक कलेक्टर तथा राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एसडीएम के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की प्रारंभिक जानकारी ली। इस अवसर पर भार्गव ने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाना जिला पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए ग्रामीण विकास, आजीविका संवर्धन, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। इस दौरान उप संचालक पंचायत तरुण देशमुख सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# साइबर ठगी से बचाव के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार में जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय सोसायटी दंतेवाड़ा में साइबर अपराध एवं नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित हितग्राहियों को साइबर अपराधों,

- साइबर अपराध एवं नशा मुक्ति विषय पर हुई जागरूकता कार्यक्रम

डिजिटल सुरक्षा तथा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें जिम्मेदार एवं सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक शपथ ग्रहण से हुआ, जिसमें थाना गीदम के उपनिरीक्षक, आजीविका महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने साइबर अपराध एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा ऑनलाइन माध्यम से शपथ प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किए।

इस अवसर पर थाना गीदम के उपनिरीक्षक ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फिशिंग, ओटीपी साझा करने के जोखिम, सामाजिक माध्यमों के जरिए होने वाली धोखाधड़ी, डिजिटल भुगतान से जुड़े अपराध तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी, पासवर्ड अथवा ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए तथा संदिग्ध कॉल, संदेश और लिंक से हमेशा सतर्क रहना चाहिए। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देने एवं ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नशा मुक्ति पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, सामाजिक जीवन एवं भविष्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उपस्थित सभी प्रतिभागियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में इसके प्रति जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया।

### नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

इस दौरान आजीविका महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार में समय-समय पर ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि युवाओं एवं प्रशिक्षणार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



# अंतर जातीय विवाह करने वाले दंपत्ति का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और समाज से जातिगत दूरियों को मिटाने के उद्देश्य से जिले में एक सराहनीय पहल की गई है।

शासन की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिला

- कलेक्टर ने नवविवाहित दंपत्ति को सौंपा प्रशस्ति पत्र

कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर विश्वदीप एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने नवविवाहित दंपत्ति सचेन्द्र कुमार एवं प्रियंका झाड़ी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टरने नवविवाहित जोड़े को गुलदस्ता भेंट किया और उनके सुखमय एवं उज्ज्वल दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सचेन्द्र और प्रियंका का यह कदम समाज के लिए एक प्रेरणा है। अंतर्जातीय विवाह सामाजिक एकता को मजबूत करने और रूढ़िवादी सोच को बदलने में बेहद मददगार साबित होते हैं।

सहायक आयुक्त ने बताया कि राज्य शासन द्वारा अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। विभाग का लक्ष्य है कि ऐसी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे ताकि सामाजिक समरसता की नींव मजबूत हो सके। अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़े को शासन की कल्याणकारी योजनाओं और मिलने वाली प्रोत्साहन सुविधाओं की भी जानकारी दी।

# गादीरास में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास खोलने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले के गादीरास क्षेत्र में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की मांग को लेकर आदिवासी छात्रों ने सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि गादीरास हायर सेकेंडरी स्कूल क्षेत्र का एकमात्र विद्यालय है, जहां कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई होती है, लेकिन छात्रावास की सुविधा नहीं होने से दूर-दराज के गांवों के विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया है कि गादीरास के आसपास लगभग 15 ग्राम पंचायतों के छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए यहां आते हैं। वर्तमान में करीब 50 छात्र छात्रावास सुविधा चाहते हैं, जबकि आने वाले समय में यह संख्या 100 तक पहुंच सकती है। कई गांवों से विद्यार्थियों को प्रतिदिन 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर स्कूल आना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

छात्रों ने बताया कि अभी कुछ विद्यार्थियों को अस्थायी रूप से पोटाकेबिन गादीरास में रखा गया है, लेकिन करीब 40 छात्रों के रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में आदिवासी विद्यार्थियों के हित में गादीरास में 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की स्थापना आवश्यक है। ज्ञापन में कलेक्टर से मांग की गई है कि छात्रों की समस्याओं को देखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर गादीरास में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास खोला जाए, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सके। ज्ञापन पर कई छात्रों के हस्ताक्षर भी हैं।

# डोडीतुमनार में स्वास्थ्य सेवाओं की गूंज



**बीजापुर।** विकासखंड बीजापुर के ग्राम डोडीतुमनार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुक्रवार को राज्य स्तरीय दल एवं दिल्ली से आई विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने शिविर में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना की। निरीक्षण के दौरान डब्ल्यूएचओ टीम ने ग्राम डोडीतुमनार निवासी सोमलू मड़यिम से मुलाकात की। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के तहत पूर्व में आयोजित स्क्रीनिंग के दौरान बालक में नेफ्रोटिक सिंड्रोम की पहचान की गई थी। समय पर उपचार, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं नियमित फॉलो-अप के परिणामस्वरूप वर्तमान में उसके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। टीम ने इसे समय पर स्क्रीनिंग एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का सकारात्मक उदाहरण बताया।

# पुलिया निर्माण से आवगमन बहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

ग्राम पंचायत अंगमपल्ली के आश्रित ग्राम धनगोल में वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या अब अतीत बन गई है। निर्मित 6 मीटर लंबी पुलिया ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया है। अब बारिश के मौसम में भी गांव का मुख्यालय से संपर्क बना रहता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और दैनिक आवागमन की सुविधाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक सुगम हो गई हैं। धनगोल के ग्रामीण लंबे समय से वर्षा ऋतु में मार्ग पर पानी भर जाने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। बरसात के दौरान गाँव का संपर्क मुख्यालय से पूरी तरह कट जाता था, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई, किसानों की कृषि गतिविधियाँ, मरीजों को समय पर उपचार तथा ग्रामीणों की दैनिक जरूरतें गंभीर रूप से प्रभावित होती थीं। मनरेगा एवं विशेष केंद्रीय सहायता एससीए के अभिसरण से धनगोल मार्ग पर 6 मीटर पुलिया का निर्माण कराया गया। इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 17.63 लाख रुपये रही, जिसमें मनरेगा से 7.63 लाख रुपये तथा एससीए से 10 लाख रुपये का योगदान दिया गया।

# खाद्य विभाग ने पुनर्वास केंद्र में किया राशन कार्डों की ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन एवं जिला खाद्य अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग की टीम ने पुनर्वासित परिवारों के राशन कार्डों का ई-केवाईसी अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। इस विशेष पहल के तहत विभागीय टीम पुनर्वास केंद्र तक

- पुनर्वासित परिवारों तक पहुंची खाद्य सुरक्षा की गारंटी

पहुंची और हितग्राहियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की। अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को बिना किसी बाधा के नियमित खाद्यान्न उपलब्ध कराना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित करना है। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराया। खाद्य विभाग के अनुसार ई-केवाईसी पूर्ण होने से राशन कार्ड अद्यतन रहेंगे, जिससे हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकानों से नियमित रूप से खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। विभाग द्वारा पात्र परिवारों को समय पर ई-केवाईसी कराने के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। खाद्य विभाग ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र परिवार तक खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी जिले के दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष शिविर और अभियान संचालित कर पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

# विद्यालय में बाल संसद का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

शासकिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ांजी में प्राचार्य जगदीश चन्द्र मौर्य की अध्यक्षता में बाल संसद का गठन किया गया। अनुशासन एवं शौहार्दपूर्ण वातावरण में विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्ताव व समर्थन रखा गया। व्याख्याताओं सीएस बघेल, लता वर्मा, शोभिता साव, अंबिका ध्रुव, सुखराम मंडावी, दिलीप कांगे, अभय गाने, पीटीआई की उपस्थिति में मनोनित किया गया शाला के प्रधान मंत्री परमेश्वर भारद्वाज, उप प्रधान मंत्री दीपिका कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री रमलू कश्यप, उप स्वास्थ्य मंत्री सरिता बघेल, शिक्षा मंत्री ठानधर बघेल, उप शिक्षा मंत्री बालकिशन भारद्वाज, खेल मंत्री सुदराम मंडावी, उप खेलमन्त्री राधिका भारद्वाज, अनुशासन मंत्री अर्जुन कवासी, उप अनुशासन मंत्री कुमारी मानवी कश्यप, संस्कृतिक मंत्री ललिता कश्यप, उप सांस्कृतिक मंत्री अंजली बेलसरिया, पर्यावरण मंत्री यूवराज मंडावी, उप पर्यावरण मंत्री कु उलेन्द्री, वित्त मंत्री तेजमनी, उप वित्त मंत्री किरण यादव होंगे।

**न्यायालय तहसीलदार, गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202605160100006/
अ-20(5) / 2025-26
ग्रामः- गीदम

**// विज्ञप्ति //**
**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा हित रखने वाले सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि अध्यक्ष दिगम्बर जैन समाज गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के आवेदन पत्र दिनांक 18-05-2026 में दिगम्बर जैन मंदिर हेतु ग्राम गीदम प.ह.न. 17 में स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नंबर 739 रकबा 0.0450 हे. में दिगम्बर जैन मंदिर निर्माण हेतु भूमि आबंटन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालय में सुनवाई हेतु निहित तिथि दिनांक 22/07/2026 तक सक्षम दावा, आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, बाद समाप्त नियत अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
गीदम

## खबर संक्षेप

### सेवा सेतु केंद्र में 30 मिनट में मिले जरूरी प्रमाणपत्र

**जगदलपुर।** शासन द्वारा नागरिक सेवाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से संचालित सेवा सेतु केंद्र आम लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। इसका एक प्रेरक उदाहरण तब देखने को मिला, जब तोकापाल विकासखंड के ग्राम सालेपाल निवासी राजू पोयामी ने अपनी बेटी मनकी पोयामी के स्कूल प्रवेश के लिए आवश्यक आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र बनवाने हेतु सेवा सेतु केंद्र का रुख किया।
राजू पोयामी ने बताया कि उनकी बेटी मनकी के स्कूल में प्रवेश के लिए इन तीनों दस्तावेजों की तत्काल आवश्यकता थी। पहले उन्हें आशंका थी कि प्रमाणपत्र बनने में कई दिन लग सकते हैं, जिससे प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। लेकिन सेवा सेतु केंद्र में आवेदन करने के बाद मात्र 30 मिनट के भीतर उन्हें आय, जाति और निवास तीनों प्रमाणपत्र उपलब्ध करा दिए गए। उन्होंने कहा कि इतनी कम समय में सभी आवश्यक दस्तावेज मिल जाने से उनकी बेटी के स्कूल प्रवेश की प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी हो सकी। राजू ने सेवा सेतु केंद्र की त्वरित, सरल और नागरिक हितैषी व्यवस्था के लिए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सेवा सेतु केंद्रों के माध्यम से आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं एक ही स्थान पर समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और आवश्यक दस्तावेज शीघ्र प्राप्त हो रहे हैं। सेवा सेतु केंद्र शासन की जनहितकारी पहल के रूप में नागरिकों को सुगम, पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### संभाग स्तरीय प्रशिक्षण 31 को

**जगदलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में त्वरित सहायता, पारदर्शी भुगतान प्रक्रिया और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार 31 जुलाई को प्रधानमंत्री राहत योजना और इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट परिसर के प्रेरणा कक्ष में प्रातः 11 बजे से शुरू होगा, जिसका मूल उद्देश्य सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल को बेहतर बनाना है।
इस प्रशिक्षण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट प्रणाली के तहत मामलों को जल्द मंजूरी देने, प्रभावितों को मिलने वाली राहत राशि की भुगतान प्रक्रिया को तेज करने, दुर्घटनाओं से जुड़े डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करने और उपलब्ध निधि का शत-प्रतिशत सही उपयोग करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जारी पत्र के अनुसार इस प्रशिक्षण में डिस्ट्रिक्ट जीआरओ प्रधानमंत्री राहत, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक शामिल रहेंगे। इसके साथ ही प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के लिए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ नोडल अधिकारियों और संबंधित क्षेत्रों के थाना प्रभारियों की भी इस प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता जरूरी

## करोड़ों के सहयोग के बाद मरीजों का बाहर रेफर होना अनुचित : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने डिमरापाल स्थित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को एनएमडीसी द्वारा दिए जा रहे प्रस्तावित 25 करोड़ वार्षिक सीएसआर सहयोग को स्वतंत्र मेडिकल, तकनीकी एवं वित्तीय अनुपालन ऑडिट से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि स्वास्थ्य के नाम पर करोड़ों रुपये का सहयोग केवल फाइल, प्रमाण-पत्र और भुगतान तक सीमित नहीं रह सकता।





### रेफरल मामलों की ऑडिट और जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन

नवनीत ने कहा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल होने के बावजूद कितने मरीज रायपुर, विशाखापट्टनम या हैदराबाद रेफर हुए और क्यों इसका रेफरल ऑडिट होना चाहिए। रियायती उपचार, शासन-निर्धारित दरों और आयुष्मान योजना की बिलिंग व्यवस्था की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इस संबंध में एनएमडीसी सीएमडी एवं नगरनार स्टील प्लांट प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मेहताब सिंह, अलका नादान, प्रिया यादव, सुरेश नाग, आकाश आनंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

सीएसआर राशि का परिणाम विशेषज्ञ डॉक्टरों की वास्तविक उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण उपचार और मरीजों को बाहर रेफर किए जाने में कमी के रूप में दिखाई देना चाहिए।

उन्होंने मांग की कि शासन एवं अस्पताल संचालन संस्था के बीच हुए पीपीपी अनुबंध और धरातल पर उपलब्ध सेवाओं का थर्ड-पार्टी सर्विस गैप ऑडिट कराया जाए। कैथ लैब, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रो मेडिसिन, आईसीयू, ट्रॉमा और इमरजेंसी सेवाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों, तकनीकी एवं पैरामेडिकल स्टाफ की वास्तविक तैनाती का सत्यापन हो।

## शंकराचार्य की दीर्घायु की कामना की गई

# लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई पूजा-अर्चना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का 84वां प्राकट्य महोत्सव रविवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर के यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिभाव से मनाया गया।

शुभारंभ वैदिक रीति से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चार तथा आचार्य पंडित ॐ ब्रह्मा के यजमानत्व में सर्वप्रथम गौरी-गणेश पूजन हुआ। इसके बाद शंकराचार्य के दीघार्यु की मंगलकामना के साथ विशेष पूजन, नैवेद्य अर्पण और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा के उपरांत भजन-संकीर्तन से मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। हनुमान चालीसा पाठ के बीच श्रद्धालुओं ने गुरु परंपरा का स्मरण किया।

### पीपल, बरगद, नीम, आंवला के पौधे लगाए

आयोजन के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी तथा बस्तर संभाग पीठ परिषद के कार्यकर्ताओं ने पीपल केयर के संस्थापक सुरेश यादव के सहयोग से पीपल, बरगद, नीम, आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में अनिल सामंत, दृशान चक्रवर्ती, योगेश शुक्ला, गीता शुक्ला, बासंती सामंत, सतरूपा मिश्रा, शिव मिश्रा, पुजारी पंडित किशोर तिवारी, कविता तिवारी, अभय दीक्षित, राकेश साहू, मृणाल मलिक, प्रवीण द्विवेदी, शिखा घोष, अर्चना सेंगर, बालकृष्ण शर्मा, शंकर गुप्ता,उदय दुबे,पंडित सागर शर्मा, आसुतोष दास सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पहली बोनी के बीज सड़े दूसरी बोनी भी असफल

**धमतरी।** मानसून के मिजाज ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। अचानक एक साथ हुई बारिश से बीज खराब हो गए हैं। कई किसानों ने दोबारा बोनी कर दी है, लेकिन बीज बिना पानी के खराब हो रहे हैं। अब तो किसानों के पास बीज भी नहीं है।

उधर बोनी का समय भी निकलता जा रहा है। सुपर अलनीनो का बड़ा प्रभाव अंचल में दिखने लगा है। मानसून शुरूआती दौर में सूखा-सूखा रहा। करीब 10 दिन पहले अंचल में इतनी बारिश हुई कि खेतों में पानी की धार चलने लगी। अब फिर से सूखा पड़ा हुआ है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खेती किसानी पर देखने को मिल रहा है। किसानों ने बारिश से पहले ही खुर्रा बोनी कर ली थी। पानी की अधिकता के चलते अधिकांश बीज सड़ गए। बीज सड़ने के डर से किसानों ने एक बार फिर खेतों में बीज का छिड़काव कर दिया है। अब खेतों में पानी नहीं है। स्थिति यह है कि बीज को चिड़िया, चूहे एवं अन्य कीट नुकसान पहुंचा रहे हैं। बारिश नहीं होने के कारण बीज खराब हो रहे हैं। किसानों की स्थिति काफी खराब हो गई है।

## राष्ट्रीय शिक्षक समारोह में जिले के दो शिक्षक होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 15 जुलाई को शांति नगर रायपुर में किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि समूह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल, संस्थापक एन.आर. स्टील, रायगढ़ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चितरंजन कर, पूर्व विभागाध्यक्ष भाषा विज्ञान, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं राजभाषा हिंदी सलाहकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा डॉ. पूर्णानंद मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत उपस्थित रहेंगे।

### 700 आवेदनों में से 250 शिक्षकों का चयन

इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देशभर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का गहन अध्ययन, मूल्यांकन एवं सत्यापन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के उच्चस्तरीय पैनल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया।

### दंतेवाड़ा जिले से दो शिक्षकों का चयन

दंतेवाड़ा जिले के लिए यह गौरव का विषय है कि उक्त राष्ट्रीय सम्मान हेतु जिले से दो शिक्षकों का चयन हुआ है। मुकेश कुमार रैकवार गीदम ब्लॉक, शिवकुमार गुप्ता कटेकल्याण ब्लॉक। दोनों शिक्षकों ने अपने विद्यालयों और समुदायों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों, बाल-केंद्रित गतिविधियों, नैतिक मूल्यों के संवर्धन, डिजिटल शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### चित्रकोट परिसर मारडूम में पौधारोपण, बताया गया वृक्ष का महत्व



**जगदलपुर।** वन परिक्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत उप परिक्षेत्र चित्रकोट परिसर मारडूम में प्रस्तावित क्षति पूर्ति वृक्षारोपण सोमवार को किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. बसंत कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लोहड़ीगुड़ा, चंद्रशेखर ठाकुर महामंत्री लोहंडीगुड़ा मंडल, पंच, पटेल, ग्रामवासी, छात्र छात्राएं, उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकोट सुखदास नाग, वन परिक्षेत्र अधिकारी चित्रकोट प्रकाश सिंह ठाकुर, दाबेश्वर बघेल, चैतन कश्यप, नीलिमा कश्यप वन कर्मचारी एवं वन सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं स्कूल के छात्र छात्राओं को वृक्षारोपण कैसे किया जाता है इस पर डेमो देकर वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदाय की गई।

# किसान हितों की रक्षा के लिए संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाना जरूरी : स्वर्णकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने 12 जुलाई को जिला कार्यालय परपा में संगठन को मजबूत एवं विस्तार देने के उद्देश्य से बैठक की। आगामी दिनों में ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर बैठकों का आयोजन कर

- संगठन को सशक्त बनाने और किसानों को जोड़ने की बनी सहमति

संगठन को सशक्त बनाने तथा अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में किसानों की ज्वलंत समस्याओं, जिनमें खाद-बीज की उपलब्धता, बिजली व्यवस्था, सिंचाई, न्यूनतम समर्थन मूल्य, किसानों के हितों की रक्षा तथा जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इन समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की रणनीति भी बनाई गई।

संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार ने कहा कि किसान हितों की रक्षा के लिए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष रमेश गोयल ने ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर संगठन विस्तार अभियान को तेज करने और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने का आह्वान किया।

बैठक में ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगतु राम कश्यप , जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, बलिराम पुजारी , सुकमा जिला अध्यक्ष सुनील सोढ़ी, सुकमा जिला संगठन मंत्री रमेश नाग, मंडल अध्यक्ष बबलू बघेल, मीडिया प्रभारी डमरू कुंजन, जिला उपाध्यक्ष मानसिंह नेम, जगन्नाथ देवांगन, सुरेंद्र कश्यप, सोनूराम कश्यप, रमेश कश्यप, लक्ष्मीनाथ बघेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्थायी पट्टों की रजिस्ट्री कर गरीब परिवारों को दिलाया जाए उनका अधिकार : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत से राजधानी रायपुर में उनके निवास में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने 1977 एवं 1984 में कांग्रेस सरकार द्वारा गरीब परिवारों को वितरित किए गए आवासीय स्थायी पट्टों के रजिस्ट्रेशन के संबंध में विधानसभा में प्रश्न उठाने तथा प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की। कांग्रेस सरकार ने गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को उनके आवासीय अधिकार सुनिश्चित करने और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से स्थायी पट्टे वितरित किए थे। इन पट्टों का उद्देश्य संबंधित भूमि की रजिस्ट्री भूमि स्वामी के नाम पर कराना था, ताकि भविष्य में वे प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा ऋण, बैंक ऋण सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

- रिकार्ड गायब होने की बात कहकर नजूल विभाग नहीं बना रहे स्थायी पट्टे
- विधानसभा में प्रमुखता से उठाने सौंपा गया ज्ञापन



राजेश चौधरी ने बताया कि समय-समय पर जब पट्टाधारी राजस्व विभाग की नजूल शाखा, में संपर्क करते हैं, तब उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण पट्टाधारियों के नाम दर्ज मूल रजिस्टर ही गायब हो गए हैं । जिसके चलते हजारों परिवारों को उनके वैध अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर इन स्थायी पट्टों को अवैध बताने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे गरीब परिवार न तो अपनी भूमि की रजिस्ट्री करा पा रहे हैं और न ही प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा ऋण अथवा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं।


जगदलपुर एवं बस्तर क्षेत्र के लगभग 60 प्रतिशत परिवार इस समस्या से प्रभावित हैं। यदि सरकार इन स्थायी पट्टों का सत्यापन कर भूमि स्वामियों के नाम रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण कराए अथवा पुनः स्थायी पट्टे जारी करे, तो हजारों गरीब परिवारों को राहत मिलेगी और वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, संयुक्त महासचिव शंकर राव, शामू कश्यप, गौरनाथ नाग, विक्रम डांगी, पार्षद सूर्या पानी, मनप्रीत सिंह डांगी, शेख जाहिद हुसैन, ज्योस्टीन भवानी, अफरोज बेगम, लोकेश चौधरी, रामकृष्ण तिवारी मौजूद रहे।

## केवि रायपुर संभाग के शिविर में स्काउट्स और गाइड्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# राज्य स्तरीय स्काउट-गाइड शिविर में केवि जगदलपुर का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



केन्द्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग के भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में हाल ही में पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर का गौरवपूर्ण आयोजन किया गया। विगत 6 जुलाई से 10 जुलाई तक संचालित इस विशेष शिविर में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर के विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस राज्य स्तरीय परीक्षण शिविर के अंतर्गत स्काउट्स के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर को तथा गाइड्स के लिए केन्द्रीय विद्यालय जीसी सीआरपीएफ बिलासपुर को केंद्र बनाया गया था, जहां संभाग भर के चुनिंदा विद्यार्थियों के हुनर को परखा गया।

इस प्रतिष्ठित शिविर में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए 5 स्काउट्स और 7 गाइड्स ने अपनी चमक बिखेरी। विद्यालय के होनहार स्काउट्स रचित राव कर्री, भव्य निर्मलकर, संकल्प सिंह, चिराग कोड़ोपी और प्रतीक पटेल तथा ऊर्जावान गाइड्स पूर्वी मनवानी, उन्नति तिवारी, निकिता ठाकुर, कामिनी भारती, अनुश्री सिंह, भावना हलदर और सुनिधि यादव ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों में पूरे अनुशासन के साथ हिस्सा लिया। पांच दिनों तक चले इस सघन शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर नेतृत्व क्षमता, कड़ा अनुशासन, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता, टीम भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना था, ताकि वे भविष्य में समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। शिविर के दौरान सभी प्रतिभागियों का विभिन्न कठिन मापदंडों के आधार पर परीक्षण किया गया। इसमें विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड कौशल, ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार की बारीकियां, विभिन्न प्रकार की गांठें एवं बंधन, मानचित्र अध्ययन, शिविर कला तथा सामुदायिक सेवा से जुड़ी व्यावहारिक गतिविधियों में परखा गया। इसके साथ ही उनके व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें जगदलपुर के इन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### विद्यालय परिवार में हर्ष

विद्यार्थियों की इस शानदार सहभागिता और सफलता पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर के प्राचार्य राजकुमार आसनानी ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने राज्य स्तरीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी स्काउट्स एवं गाइड्स को उन्हें अपनी आत्मीय शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों में न केवल आत्मनिर्भरता की भावना जगाते हैं, बल्कि उन्हें जीवन की हर चुनौती का सामना करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ भी बनाते हैं। इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संपूर्ण विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

